trial Development Corporation to use gas for producing amonia and methanol; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO): (a) Government has not received any such application from Andhra Pradesh Industrial Development Corporation.

(b) Does not arise.

औद्योगिक क्षेत्र में ब्रिटेन से प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की योजना से लाभ

2984. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ब्रिटेन के व्यापार और उद्योग मंत्री श्री लार्ड यंग ने भारतीय उद्यमियों को सलाह दी है कि वे ब्रिटेन के औद्योगिक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का पूरा लाभ उठायें और यूरोपीय आर्थिक समुदाय के बड़े हुए बाजार में मजबूती से पांव जमायें ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) 21 फरवरी, 1989 को नई दिल्ली में पी०एच०डी० चैम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री की बैठक को सम्बोधित करते हुए लार्ड यंग आफ ग्राफ-फाहमा, ब्रिटेन के राज्य व्यापार और उद्योग सचिव में उद्यमियों को सलाह दी है कि वे ब्रिटेन के औद्योगिक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के बदलाव से पूरा लाभ उठायें और यूरोपीय आर्थिक समुदाय के विस्तृत बाजार में मजबूती से पांव जमायें।

(ख) सरकार ने नीतियों और कार्यविधियों को उदार बनाने के लिये पहले से ही अनेक उपाय किये हैं, ताकि ब्रिटेन सहित सभी देशों के साथ प्रौद्योगिकी अन्तरण, निवेश और संयुक्त उद्यम को बढ़ावा दिया जा सके। 20 और 21 फरवरी, 1989 को हुई भारत-ब्रिटेन आर्थिक समिति की पिछली बैठक के दौरान यह सहमति हुई थी कि भारत में ब्रिटेन के निवेश को और तीसरे देशों तथा ब्रिटेन में संयुक्त उद्यम में सहयोग को बढ़ावा देने के लिये समय-समय पर विचार-विमर्श किया जाये।

राजस्थान में मुसलमानों के लिए पेट्रोल-पम्पों/गैस एजेंसियों का आबंटन

2985. **डा० अबरार अहमद :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय आबंटित पेट्रोल पम्पों तथा गैस एजेंसियों की संख्या कितनी है और उनमें से कितने पेट्रोल पम्प तथा गैस एजेंसियां मुसलमानों को आबंटित की गई हैं;

(ख) इस समय राजस्थान में कुल कितने पेट्रोल पम्प तथा गैस एजेंसियां हैं और गत 3 वर्षों के दौरान वहां पर उनमें से कितने पेट्रोल पम्पों तथा गैस एजेंसियों को मुसलमानों को आबंटित किया गया;

(ग) पेट्रोल पम्पों और गैस एजेंसियों के आबंटन के लिए इन 3 वर्षों के दौरान कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कितने आवेदन पत्र मुस्लिम समुदाय से संबंधित व्यक्तियों द्वारा दिए गए ; और

(घ) राजस्थान में पेट्रोल पम्पों और गैस एजेंसियों के आबंटन के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों का चयन न किए जाने के क्या-क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) से (घ) 1-1-1989 को यथास्थिति को देश में और राजस्थान में एल० पी० जी०